


नवभारत

भोपाल, बुधवार, 19 अगस्त, 2026


# मासूम बच्चों की आड़ में किसका स्वार्थ?

## स्कूल मर्ज के विरोध में पढ़ाई छोड़ कलेक्ट्रेट पहुंचे नौनिहाल, उठे गंभीर सवाल

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पुरानी अदालत के पीछे स्थित क्रमांक-1 को शंकरपुर टोरिया स्थित सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय में मर्ज किए जाने का विरोध स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए जताया गया, लेकिन प्रदर्शन के दौरान ही मामला उस वक्त गरमा गया, जब स्कूल समय में पढ़ाई छोड़कर मासूम बच्चे कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी करने पहुंच गए। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम ने बच्चों की मांग से अधिक प्रशासनिक सतर्कता, संस्थागत अनुशासन और शिक्षकों की संदिग्ध भूमिका पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

दरअसस मंगलवार को स्कूल बचाओ संघर्ष समिति और डीएसओ संगठन की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने कलेक्ट्रेट गेट पर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों का कहना था कि 7 किलोमीटर दूर सांदीपनि विद्यालय जाने-आने में उन्हें परेशानी होगी और परिजनों ने भी सुरक्षा पर चिंता जताई। जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बस सुविधा उपलब्ध कराये जाने की बात कहीं। साथ ही बेहत्तर व्यवस्थित पढ़ाई और बिल्डिंग मिलने की बात कहीं गई।

### बच्चों को टैक्सी में बैठाते दिखे शिक्षक-शिक्षिका, क्या स्टॉफ का था मौन विरोध





बच्चों द्वारा स्कूल मर्ज किये जाने का विरोध प्रदर्शन से पहले का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें स्कूल की शिक्षिका मंजू जैन और शिक्षक कमल धुलपुरैया दोपहर 2:08 से 2:20 बजे के बीच बच्चों को टैक्सी में बैठाते नजर आए। यहां शिक्षकों का तर्क है कि वे बच्चों को रोकने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन दोपहर में कलेक्ट्रेट पहुंचे बच्चे करीब 1 घंटे से अधिक समय तक वहीं डटे रहे और शाम 4:10 बजे वापस स्कूल पहुंचे। इस दौरान जब कई अभिभावक बच्चों को लेने स्कूल पहुंचे, तब उन्हें पता चला कि उनके बच्चे कलेक्ट्रेट गए हैं। हैरान करने वाली बात यह भी रही कि प्रधानाध्यापक शांता कुजूर ने पूरी घटना से अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि वे लंच टाइम में कक्षा 4 में थीं और अब संबंधित क्लास टीचरों को नोटिस जारी करेंगी। यहां सवाल यह उठता है कि संस्था प्रमुख की नाक के नीचे से इतनी बड़ी संख्या में बच्चे बाहर कैसे निकल गए? , वही सोचनीय विषय यह है कि इस विरोध प्रदर्शन में स्टॉफ की मौन स्वीकृति थी ।





**प्रशासनिक आश्वासन पर माने परिजन, कलेक्ट्रेट परिसर में दिखी मासूमों की बेफिक्री:** डीएसओ संगठन के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे बच्चों ने स्कूल मर्ज किये जाने का विरोध करते हुए नारेबाजी की। तो वहीं प्रदर्शन की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंचे तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव और डीपीसी राहुल शर्मा ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मोर्चा संभाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक बस सुविधा का टेंडर पूरा होकर परिवहन व्यवस्था शुरू नहीं होती, तब तक स्कूल स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। इस आश्वासन के बाद अभिभावक सहर्ष सहमत हो गए। लेकिन इस पूरी वार्ता के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर का दृश्य अलग ही कहानी बयां कर रहा था। जहां एक ओर अभिभावको और परिजनों की वार्ता चल रहीं थी, तो वहीं मासूम बच्चे कलेक्ट्रेट की पक्की सड़क पर लट्टू (भौंरा) घुमाते और छलांगें लगाते नजर आए।

***इनका कहना है।***

*स्कूल के समय में बच्चें पढ़ाई छोड़कर कलेक्ट्रेट आए, इसको लेकर बीईओ द्वारा सबंधित संस्था प्रमुख को नोटिस जारी किया गया है। जबाब मिलने के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।*

***राहुल शर्मा,***
***डीपीसी अशोकनगर।***

# ग्राम भैंसा में प्रतिमा खंडित करने का प्रयास, दो गिरफ्तार

**अवैध शराब पर भड़का ग्रामीणों का आक्रोश**

**ज्ञापन सौपकर की इसकी रोकथाम की मांग**

नवभारत न्यूज़

**अशोकनगर।** नई सराय तहसील के ग्राम भैंसा में स्थित प्राचीन काली माता मंदिर में स्थापित करीब दो फीट ऊंची मूर्ति को उखाड़कर बाहर फेंकने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

ग्रामीणों के अनुसार बीती रात धर्म सिंह केवट ने मंदिर से काली माता की मूर्ति को उखाड़कर फेंक दिया और विरोध करने पर ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज की। इस दौरान उसका चाचा गुड्डा केवट धारदार कुल्हाड़ी लेकर ग्रामीणों को धमकाने और मारपीट पर उतारू हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**अवैध शराब पर रोक लगाने सौंपा आवेदन**

इस घटना को लेकर ग्रामीणों और हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में तेजी से बढ़ रही अवैध शराब की बिक्री के कारण ऐसी घटनाओं को बढ़ावा मिल रहा है। वहीं मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ पुलिस को आवेदन सौंपकर मंदिर परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जाने, गांव में संचालित अवैध शराब के कारोबार पर तुरंत पूर्ण प्रतिबंध लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई।



# मथनेर की कंट्रोल पर पहुंचे विधायक

**वितरण से जुड़ी समस्याओं को सुना**

**राशन वितरण पारदर्शिता से करने के दिए निर्देश**

नवभारत न्यूज़

**अशोकनगर।** क्षेत्रीय विधायक इंजीनियर हरिबाबू राय ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मथनेर स्थित उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण कर राशन वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान विधायक ने राशन लेने पहुंचे उपभोक्ताओं से सीधे बातचीत की और उन्हें प्रतिमाह मिलने वाली खाद्य सामग्री, वजन एवं सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। साथ ही, ग्रामीणों की राशन वितरण से जुड़ी समस्याओं और शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना। वहीं विधायक ने दुकान संचालक (सेल्समैन) को सख्त निर्देश दिए कि आमजन को शासन द्वारा निर्धारित राशन सामग्री समय पर और सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राशन वितरण में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए। किसी भी उपभोक्ता को खाद्यान्न प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो। कतार में खड़े लोगों के लिए बैठने और पीने के पानी जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। विधायक हरिबाबू राय ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद परिवारों तक शासकीय योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एक नजर में



### जनसुनवाई में आई आवेदिका को 8,200 की आर्थिक सहायता प्रदान

**अशोकनगर।** मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय के समक्ष आवेदिका उषा नामदेव पत्नी स्व. कल्याण नामदेव, निवासी वार्ड क्रमांक 17, हवेली मोहल्ला, अशोकनगर द्वारा मकान से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसीलदार अशोकनगर द्वारा आवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए पटवारी अशोकनगर से जांच कराई गई। जांच उपरांत हुई क्षति का आकलन कर आवेदिका को 8,200 की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। प्रशासन द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं एवं नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई गई।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने 187 आवेदकों की सुनीं समस्याएं, निराकरण के निर्देश

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 187 आवेदकों ने आवेदन दिए। कलेक्टर श्री मालवीय ने प्रत्येक आवेदन का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन और प्रशासन के प्रति नागरिकों के विश्वास का माध्यम है, इसलिए प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाए। जनसुनवाई में ग्राम बरखेडा निवासी अमरसिंह द्वारा भूमि से कब्जा हटवाये जाने,ग्राम राजेबामोरा निवासी कल्लू चिढार द्वारा पट्टा अमल कराये जाने,ग्राम बहेरिया निवासी भगोबाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने, ग्राम पारसौल निवासी मिथलेश यादव द्वारा आईडी कम्यूटर पर अमल कराये जाने, ग्राम महुआखेडा निवासी विजयसिंह पाल द्वारा इलाज हेतु आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने, ग्राम आमखेडा निवासी नंदकुमार कुशवाह द्वारा बीपीएल सूची में नाम दर्ज कराये जाने, ग्राम ढाकोनी निवासी हरिराम सेन द्वारा नकल की कापी दिलाये जाने,ग्राम डंगोराफूट निवासी सुखविंदर सिंह द्वारा बिजली बिल अधिक आने, ग्राम तूमैन निवासी रामवीर सेन द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीरकृत कराये जाने,ग्राम प्यासी निवासी मलखान यादव द्वारा भूमि का कब्जां छुडवाये जाने, ग्राम बासखेडी निवासी नारायण अहिरवार द्वारा गैस सिलेण्ड र दिलाये जाने सहित अन्य् समस्याओं संबंधी आवेदन प्राप्त हुए है। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रेषित करते हुए उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# शिक्षिका को मिला शिक्षक संघ का साथ

## अध्यक्ष बोले : सुसाइड की जरूरत नहीं, हम साथ है, निष्पक्ष जांच की मांग

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षिका देवकी ठाकुर (लोधी) ने विद्यालय के प्राचार्य पर मानसिक प्रताड़ना, अभद्र व्यवहार और अनाधिकृत वेतन कटौती के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिक्षिका ने आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। शिक्षिका का आरोप है कि साथी शिक्षिका गंगा रघुवंशी के पक्ष में गवाही देने के बाद से प्राचार्य का व्यवहार अधिक क्रूर हो गया है। 3 अगस्त को उन्हें प्राचार्य कक्ष में बुलाकर एक अज्ञात शिक्षक (विजय रघुवंशी) के माध्यम से विधायक का हवाला देते हुए धमकी दिलाई गई और माफी मांगने का दबाव बनाया गया।



**सीसीटीवी जांच और प्राचार्य के स्थानांतरण की मांग:**
मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव ने कहा, मैडम को सुसाइड करने की जरूरत नहीं है, संगठन न्याय की लड़ाई में उनके साथ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि घटना की निष्पक्ष जांच के लिए 3 अगस्त के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएं। जांच पूरी होने तक प्राचार्य को किसी अन्य स्कूल में अटैच किया जाए। धमकी देने वाले अज्ञात शिक्षक पर सख्त कार्रवाई हो। कन्या विद्यालय होने के नाते यहां किसी वरिष्ठ महिला प्राचार्य की नियुक्ति की जाए। संघ ने 22 जुलाई की परामर्शदात्री बैठक का हवाला देते हुए कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद कार्रवाई न होने पर निराशा जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शिक्षिका को जल्द न्याय नहीं मिला, तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए विवश होगा।

**21 को संघ सौपेगा ज्ञापन:**
शिक्षिका देवकी लोधी को प्रताड़ित करने, दो दिन का वेतन राजसात करने और अतिरिक्त कक्षाओं का दबाव बनाने के विरोध में अखिल भारतीय लोधी लोधा अधिकारी कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संघ ने शिक्षा विभाग द्वारा अब तक कोई कार्रवाई न किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। वहीं न्याय की मांग को लेकर निर्णय लिया गया कि 21 अगस्त को दोपहर 1 बजे संघ एवं समाज के प्रतिनिधि सामूहिक और शांतिपूर्ण तरीके से मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। जिसमें पूरे मामल की निष्पक्ष जांच सहित आरोपियों पर दंडात्मक कार्यवाही किए जाने की मांग की जाएगी।

# धूमधाम से मना अंखड भारत संकल्प दिवस, बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से दिए विचार

नवभारत न्यूज़

**अशोकनगर।** सकल हिंदू समाज द्वारा उज्जवल कॉन्वेंट स्कूल में अखंड भारत संकल्प दिवस उत्साह और राष्ट्रभावना के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों के लिए आयोजित अखंड भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता रही, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने प्राचीन भारत की सीमाओं और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने लाहौर, कसूर, ननकाना साहिब और ढाकेश्वरी देवी शक्तिपीठ जैसे स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि युवा




पीढ़ी को भारत के इस गौरवशाली इतिहास को समझना चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता का संकल्प दिलाया। वहीं निबंध प्रतियोगिता प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। जिनमें श्रद्धा मीणा प्रथम स्थान, लकी बेलीदा द्वितीय स्थान और आयुषी रघुवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# 30 हजार न्यूनतम वेतन और समन कार्य वेतन की मांग

**भारतीय मजदूर संघ का हल्ला बोल**

**कलेक्टर के नाम सौपा गया ज्ञापन**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** भारतीय मजदूर संघ के देशव्यापी आंदोलन के तहत नगर में जिला अध्यक्ष हरि सिंह रघुवंशी (हैरी) के नेतृत्व में विशाल प्रदर्शन किया गया। तहसील प्रांगण में आमसभा के बाद श्रम संहितों में संशोधन, न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा की मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली गई। तो वहीं जिला मंत्री शिशुपाल सिंह यादव द्वारा पढ़े गए ज्ञापन में प्रधानमंत्री के नाम 11 सूत्रीय और मुख्यमंत्री के नाम 57 सूत्रीय मांगें कलेक्टर को सौंपी गईं। जिनमें श्रमिकों का न्यूनतम वेतन




30,000/माह निर्धारित हो तथा न्यूनतम पेंशन 7,500 के साथ जोड़ा जाए। संविदा, आउटसोर्स और कैजुअल श्रमिकों के लिए समान कार्य का समान वेतन सख्ती से लागू हो। ESIC सीलिंग 21,000 से बढ़ाकर 42,000 और EPSU सीलिंग 15,000 से बढ़ाकर 30,000 की जाए। साथ ही बैंकों में 5-डे वर्क वीक लागू हो, ग्रेच्युटी सीलिंग ?40 लाख हो तथा आंगनवाड़ी, आशा और NHM कार्यकर्ताओं के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि की जाए। ज्ञापन प्रदर्शन में राज्य कर्मचारी संघ, पेंशनर महासंघ, पटवारी संघ, पंचायत सचिव महासंघ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संघ, आउटसोर्स कर्मचारी संघ और भवन निर्माण मजदूर संघ सहित विभिन्न घटकों के पदाधिकारियों एवं सैकड़ों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

**आयोजन** — लाल मंदिर में किया जाएगा भगवान का महा मस्काभिषेक, सामूहिक रूप से चढ़ाया जाएगा लाडू

# धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान पारसनाथ का मोक्ष कल्याणक

नवभारत न्यूज़

**मुंगावली।** आज जैन धर्म के 23वे तीर्थंकर भगवान पारसनाथ का मोक्ष कल्याणक बड़े ही भक्ति भाव ओर धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जहां नगर के सभी जिनालयों में भगवान की पूजन,अभिषेक,शांतिधारा के साथ निर्वाण लाडू समर्पित किया जाएगा,निर्वाण महोत्सव मनाने के लिए समाज के लोगों ने तैयारी शुरू कर दी है जिसमें नगर के पारसनाथ दिगम्बर जैन लाल मंदिर में विशेष रूप तैयारी की गई है,ओर मंदिर में साज सज्जा कराई गई है, जहां मूलनायक




भगवान पारसनाथ का मोक्ष कल्याणक के अवसर पर नगर के सभी जिनालयों के पुजारी द्वारा जहां भगवान का महा मस्तकाभिषेक सामूहिक रूप से किया जाएगा जिसके बाद नगर गौरव ब्रह्मचारी मोनू भैया के निर्देशन में निर्वाण लाडू समर्पित किए जाएंगे और सभी आयोजन उन्हीं के निर्देशन में सम्पन्न होगे, जैन समाज के कोषाध्यक्ष राहुल जैन ने बताया कि समाज के सभी लोग भगवान का मोक्ष कल्याणक बड़े ही भक्तिभाव के धूमधाम के साथ मनाते आया है,ओर इस बार भी मनाने जा रहा है जिसमें सुबह से कार्यक्रम शुरू होगे जो देर रात तक चलेंगे सुबह सबसे पहले जहां सामूहिक रूप महा मस्तकाभिषेक के साथ विधान का आयोजन किया जाएगा। तो वहीं शाम को एक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें बाहर के कलाकारों द्वारा जैन भजनों पर अपनी प्रस्तुति देगे,निर्वाण महोत्सव की सभी तैयारी कर ली गई है।

**समाज के कई बंधु आज शाश्वत तीर्थराज सम्मेद शिखर में चढ़ाएंगे निर्वाण लाडू:**

वही इस बार नगर के कई समाज के लोग इस बार शाश्वत सम्मेद शिखर की वंदना करने गए है जिसमें बड़ी संख्या में लोग इस बार सम्मेद शिखर पर ही भगवान की मोक्ष स्थली पर ही निर्वाण लाडू समर्पित करेंगे।

# पंचमुखी मंदिर पर हुआ रूद्राभिषेक और संदरकांड

नवभारत न्यूज़

**अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित प्रसिद्ध श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में सावन माह का तीसरा मंगला गौरी महाव्रत बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक विधि-विधान के साथ मनाया गया।

भगवान भोलेनाथ का पंचामृत से महाअभिषेक किया गया एवं माता पार्वती (गौरी माता) का विशेष पूजन कर श्रृंगार सामग्री अर्पित की गई। मंगलवार का दिन होने के कारण श्री पंचमुखी हनुमान जी महाराज का विशेष सिंदूराभिषेक किया गया। अभिजीत मुहूर्त में



हवन-पूजन के बाद भव्य महाआरती की गई। तत्पश्चात उपस्थित महिलाओं ने संगीतमय ओम नमः शिवाय का संकीर्तन कर भक्ति रस का आनंद लिया। पुजारी किशन लाल मिश्रा ने बताया कि मंगला गौरी का व्रत पति की लंबी आयु और परिवार में सुख-शांति व समृद्धि के लिए प्रत्येक महिला को करना चाहिए।